तापमान
अधिकतम 26 .2 डिग्री
न्यूनतम 5 .8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

11 दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं



12 जुडियो शोरूम में आग लगी, बाल बाल बचे लोग



## खबर संक्षेप

### वार्डबंदी के लिए 17 तक दे सकेंगे सुझाव

**सोनीपत।** सोनीपत में नगर निगम क्षेत्र की नई वार्डबंदी प्रक्रिया तेज हो गई है। हरियाणा सरकार द्वारा वार्डबंदी संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है तथा आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति 17 दिसंबर तक अपने सुझाव उपायुक्त कार्यालय में दर्ज करवा सकता है। इसके बाद सभी सुझावों व आपत्तियों की रिपोर्ट तैयार कर 19 दिसंबर तक शासन को भेजी जाएगी। नई वार्डबंदी शहर के जनसंख्या अनुपात और भौगोलिक संरचना के आधार पर तैयार की गई है। अधिसूचना के अनुसार नगर निगम सोनीपत को 22 वार्डों में विभाजित किया गया है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपित आकाश उर्फ आशु निवासी गांव मुरथल को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम के अनुसार 11 दिसंबर को मुख्य सिपाही मंदीप अपनी टीम के साथ मिशन चौक के पास गश्त पर मौजूद थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि आकाश अवैध हथियार के साथ विश्वकर्मा पार्क, रोहतक रोड सोनीपत के पास किसी के इंतजार में खड़ा है। तलाशी लेने पर उससे 315 बोर और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ।



### होटल से मोबाइल चोरी करने का आरोपी पकड़ा

गन्नौर। थाना गन्नौर पुलिस ने होटल से मोबाइल फोन चोरी करने व मारपीट करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण उर्फ रमन निवासी गांधी नगर व अनुराग उर्फ आशु निवासी गांव गुमड़ के रहने वाले है। 8 दिसंबर को प्रवीन निवासी गांधी नगर ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि उसके चचेरे भाई विकास का नई अनाज मंडी गन्नौर के पास होटल। होटल पर एक लड़की रिसेप्शन पर काम करती है। वह शाम को होटल पर गया तो लड़की ने उसे बताया कि कसी ने उसके मोबाइल चोरी कर लिया है। जब उसने अपने मोबाइल से उसके नंबर पर फोन किया तो फोन उठाने वाले लड़के ने अपना नाम दीपक बताया। उसने लड़की का फोन वापिस करने के लिए कहा तो दीपक ने उसे नई अनाज मंडी बुलाया। इस दौरान दीपक व आशू ने चाकू से उस पर वार किया जबकि उनके अन्य साथियों ने मारपीट की और जान मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपित अरुण उर्फ रमन व अनुराग उर्फ आशु को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सीएम फ्लाइंग का सिंचाई विभाग पर छापा, 33 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले

- कर्मचारियों की लंबे समय से टाइम पर ऑफिस न आने की शिकायतें मिल रही थी
- करनाल से आई टीम ने विभाग की दोनों शाखओं पर छापेमारी की
- टीम ने रजिस्टर, ड्यूटी रोस्टर व कार्यालय रिकॉर्ड बारीकी से जांचा

■ निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार कर सिंचाई विभाग के मुख्यालय भेजी, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सीएम फ्लाइंग की टीम ने शुक्रवार को सिंचाई विभाग के गोहाना कार्यालय में छापा मारा। यहां अधिकारियों-कर्मियों की समय पर ड्यूटी पर न आने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान यहां दो शाखाओं में एसडीओ समेत 33 अधिकारी-कर्मी ड्यूटी से नदारद मिले। छापे की सूचना मिलने पर कई अधिकारी कार्यालय पहुंचे लेकिन तब तक उनकी अनुपस्थिति दर्ज की जा चुकी थी।

सिंचाई विभाग के गोहाना कार्यालय में जल सेवा मंडल और कंस्ट्रक्शन शाखा में करनाल से सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापा मारा निरीक्षक बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीमें दोनों कार्यालयों में पहुंची। दोनों शाखाओं के हाजिरी रजिस्टर लिए गए और उसके हिसाब से अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति देखी गई। टीमों ने सवा नौ बजे के बाद जो अधिकारी व कर्मी आए उनका रिकार्ड तैयार करना शुरू किया।



**गोहाना।** छापेमारी के बाद रिपोर्ट तैयार करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी।

### जल सेवा मंडल शाखा के 20 और कंस्ट्रक्शन शाखा में 15 अधिकारी व कर्मचारी फरलो पर

टीम ने दोपहर ढाई बजे तक तफ्तीश की। जल सेवा मंडल में की शाखा में 39 में से 20 अधिकारी-कर्मी नदारद मिले। कंस्ट्रक्शन शाखा में 33 में से 15 अधिकारी-कर्मी समय पर ड्यूटी पर नहीं आए थे। छह कर्मी छुट्टी और बाकी के अधिकारी-कर्मी ड्यूटी पर पाए गए। फील्ड में बताए गए कई कर्मचारी से मोबाइल पर लाइव लोकेशन मांगी गई। लंबे समय से यह शिकायतें मिल रही थी कि कई कर्मचारी रोजाना देर से कार्यालय आते हैं। सीएम फ्लाइंग टीम ने सभी उपस्थिति रजिस्टर, ड्यूटी रोस्टर और कार्यालय रिकार्ड की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के बाद टीम ने पूरी रिपोर्ट तैयार कर सिंचाई विभाग के मुख्यालय भेज दी है। अब कर्मचारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी मुख्यालय पर होगी। मुख्यालय देर से आने और बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है। इस मौके पर एसआई महावीर, एएसआइ राजेश व शमशेर रहे।

## डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त होने से मरीजों ने ली राहत की सांस

# ओपीडी में 1600 मरीज पहुंचे, 16 लोगों के हुए आंखों के ऑपरेशन

शुक्रवार सुबह रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगी मरीजों की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर चार दिन तक चली चिकित्सकों की लंबी हड़ताल शुक्रवार को समाप्त होने के बाद जिला अस्पताल समेत राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी पर लौट आईं। हड़ताल खत्म होने की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में मरीजों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसके चलते ओपीडी में सामान्य दिनों की तुलना में भारी वृद्धि दर्ज की गई और 1600 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे।

### लंबित सर्जरी और जांच का कार्य तेज हुआ

इस हड़ताल के कारण पिछले चार दिनों से अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर पड़ा था, लेकिन अब स्थिति सामान्य होते ही लंबित सर्जरी और जांच कार्य भी तेजी से शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को अकेले जिला अस्पताल में 16 नेत्र ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए और 30 से अधिक अल्ट्रासाउंड जांचें पूरी की जा सकीं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले सरकारी चिकित्सकों द्वारा की गई यह हड़ताल मरीजों के लिए बीते चार दिनों तक परेशानी का सबब बनी रही। अस्पताल प्रशासन को बाल रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग और प्रसूति विभाग को छोड़कर अन्य ओपीडी सेवाओं को ईएसआई, एनएचएम और बीएमएस चिकित्सकों के सहारे चलाना पड़ रहा था। सीमित स्टाफ के कारण मरीजों को लंबी लाइनों में खड़े रहने और समय पर इलाज न मिलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा।



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल के बाहर काउंटर पर मरीजों की भीड़।

### नागरिक अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं शुरू

सर्वाधिक संकट अल्ट्रासाउंड केंद्र में देखने को मिला। चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण अल्ट्रासाउंड केंद्र पूरी तरह से बंद रहा। इसके चलते न केवल गर्भवती महिलाओं की जरूरी जांचें अटक गईं, बल्कि नौकरी और अन्य सरकारी कार्यों के लिए आवश्यक युवाओं के मेडिकल जांच भी ठप पड़ गए थे। एक और गंभीर स्थिति आपातकालीन कक्ष में बनी हुई थी। आपातकालीन कक्ष में एमएलआर (मेडिको-लीगल रिपोर्ट) काटने के लिए कंसल्टेंट चिकित्सकों को विशेष निर्देश दिए गए थे, लेकिन अधिकांश मामलों में मरीजों को एमएलआर के लिए खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया जा रहा था।

### ऑपरेशन व अल्ट्रासाउंड सेवाएं फिर शुरू

चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म करके जिला सहित सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी व आपातकालीन सेवा शुरू कर दी है। साथ ही जरूरी ऑपरेशन व अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू हो चुकी है।

-**डॉ. ज्योत्सना**, सिविल सर्जन

## निजामपुर खुर्द व सोहटी में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त



■ डीटीपी के साथ पुलिस की टीम भी रही

**खरखौदा।** एसएमडीए से जिला नगर योजनाकार- डीटीपी नीलम शर्मा ने बताया कि एसएमडीए की टीम द्वारा खरखौदा उपमंडल के गांव निजामपुर खुर्द व सोहटी की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान गांव निजामपुर खुर्द में 8 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी के कच्चे रास्तों तथा गांव सोहटी में 7 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी के कच्चे रास्तों तथा 2 डीपीसी निर्माण को ध्वस्त किया गया। तोड़फोड़ की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नगर निगम के कार्यकारी अभियंता अजय निराला तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जाती।

## पंचायती भूमि देने के लिए दबाव बनाने का आरोप

**खरखौदा।** खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान आशीष दहिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें निरथान गांव के सरपंच राजेश ने बताया कि नीलगिरी कंपनी गांव की पंचायती जमीन को गौशाला बनाना चाहती है और इस आशय का प्रस्ताव पास करने के लिए पंचायत पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरथान गांव में नीलगिरी कंपनी की लगभग 12 एकड़ जमीन है। उसमें से दो एकड़ जमीन पर गौशाला बनाई गई है और साथ लगती 10 एकड़ जमीन पर खेती-बाड़ी का काम किया जा रहा है। वह अपनी जमीन का प्रयोग गौशाला के लिए न करके पंचायती जमीन पर गौशाला बनाने के लिए जमीन दिए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। सरपंच ने स्पष्ट किया कि वे इस पक्ष में थे कि यदि गांव के लोग इस पर सहमत होंगे, तो वह पंचायती जमीन का प्रस्ताव नीलगिरी कंपनी के पक्ष में पारित कर देंगे।

### सरपंच एसोसिएशन ने जताई नाराजगी



*उन्होंने जब गांव के लोगों से इस बारे में बातचीत की तो गांव वासियों ने कंपनी को जमीन देने में असहमती जताई। लिहाजा उन्होंने मना कर दिया। जिसके चलते कंपनी के मालिक ने सरपंच को अनावश्यक रूप से उन्हें (सरपंच) परेशान करना शुरू कर दिया। सरपंच द्वारा गांव में करवाए गए कार्यों की उच्च अधिकारियों द्वारा जांच करवाने की कथित धमकी भरे लहजे में बात की गई। सरपंच ने जिला उपायुक्त, उपमंडल अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मामले से अवगत कराया दिया है कि गांव के लोग पंचायती जमीन देने के लिए सहमत नहीं है। तर्क दिया गया है कि गांव में पहले से ही गौशाला खुली हुई है और साथ लगते गांव भटगांव में भी बहुत बड़ी गौशाला है।*

## सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सीएम विंडो पोर्टल पर दर्ज जन शिकायतों के निवारण में तेजी लाने तथा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधू ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तर के अधिकारियों एवं एमिनेंट पर्सन्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सीएम सीएम विंडो पोर्टल की कार्यप्रणाली व लंबित जनशिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान ओएसडी राकेश संधू ने कहा कि सीएम विंडो हरियाणा सरकार द्वारा जनता की समस्याओं को सीधे तौर पर सुनने और उनका समाधान सुनिश्चित करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है।

### एमिनेंट पर्सन्स को पोर्टल की ट्रेनिंग दी

इसलिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निवारण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए। वीसी के पश्चात सीएम विंडो की जिला नोडल अधिकारी नगराधीश डॉ. अनमोल की अध्यक्षता में सीएम विंडो के सभी एमिनेंट पर्सन्स को पोर्टल के बारे में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें पोर्टल पर शिकायतों की फीडिंग, फॉलो-अप, दस्तावेज अपलोडिंग, निस्तारण की प्रक्रिया तथा फील्ड सत्यापन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डीआईओ विशाल सैनी, सीएम विडों के एमिनेंट पर्सन्स में नरेश वर्मा, युद्धविंद्र मोहाना, सुरेन्द्र मदान, वासुदेव सुखीजा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गोहाना-लाखनमाजरा सड़क की मरम्मत शुरू 6.17 करोड़ से छह माह में काम पूरा होगा

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को शहर में विश्वकर्मा चौक पर गोहाना-लाखनमाजरा सडक़ सुदृढ़ीकरण परियोजना का शुभारम्भ किया। इस सडक़ का सुदृढ़ीकरण जिला सोनीपत सीमा तक होगा। 6 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि से इस सडक़ खण्ड का निर्माण 6 माह में पूरा होगा। सडक़ निर्माण से वाहन चालकों व आसपास के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार गोहाना से जुलाना तक सोनीपत जिला सीमा तक 27 करोड़ रुपए से सडक़ का निर्माण होगा, जिसके लिए शीघ्र टेंडर लगाए जाएंगे। भाजपा सरकार बनने के बाद से गोहाना विधानसभा में 18 करोड़ रुपए की राशि से 18 सडक़ों का निर्माण करवाया गया है, जबकि 16 सडक़ों का निर्माण जारी है। यही नहीं स्पेशल रिपेयर योजना में अगले छह महीने में 6 करोड़ रुपए की लागत से 9 सडक़ों का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार ग्रामीण विकास को निरंतर रफ्तार देने का काम कर रही है। सडक़ों के सुदृढ़ीकरण से लेकर किसानों के सामाजिक, आर्थिक संरक्षण को लेकर किए जा रहर प्रयासों से किसान वर्ग में संतुष्टि का भाव है।

हम सभी को मिलकर सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनका निरन्तर मान-सम्मान बढ़ा रहे। मंत्री ने मार्किट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन कृष्ण सैनी व वाइस चेयरमैन राजेन्द्र गिरधर को पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, नगर परिषद गोहाना चेयरपर्सन प्रतिनिधि इंद्रजीत विरमानी, मंडी प्रधान श्यामलाल वशिष्ठ, रामधारी जिंदल, रामधन भारतीय, नरेन्द्र बंसल, बलराम कौशिक एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**गोहाना।** परियोजना का शुभारंभ करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### किसानों को मुआवजा दिया : शर्मा

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को बीज के संरक्षण से लेकर उनकी फसल को एमएसपी पर खरीदकर सामाजिक व आर्थिक संरक्षण दे रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मृदा योजना जैसी दर्जनों योजनाओं के माध्यम से छोटे व मध्यम किसानों को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि बीते 11 सालों में किसान को प्राकृतिक आपदा के चलते हुए नुकसान को केंद्र-प्रदेश सरकार ने अपने ऊपर लेने का काम किया है। किसानों को मुआवजा दिया गया।

# शिक्षिका तन्नू ने एशियन ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

■ थाइलैंड के बैंकाक में देश व प्रदेश का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित एशियन एंड ओशिनिया ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में सेक्टर-7 स्थित द विज्डम स्कूल की खेल शिक्षक तन्नू ने 77 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। विदेशी धरा पर भारत का नाम रोशन करने पर शिक्षक तन्नू को रजत पदक से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को स्कूल में भी उनका सम्मान हुआ।

अंतरराष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप मेंभारतीय ग्रेपलिंग कमेटी की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल18 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य पदक अपने नाम किए।




### प्रतियोगिता में 40 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

खिलाड़ियों ने अपने इस प्रदर्शन से विदेशी धरा पर भारत का नाम रोशान किया। इस चैंपियनशिप में रूस, अमेरिका, पाकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, थाईलैंड, भारत, पोलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित 40 से अधिक देशों से प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

लाइफ Style

# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया, तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।



## हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6



साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लेटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### सर्टिफिकेट 18 दिसंबर तक बनाए जाएंगे

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज में गुरुवार को शिक्षकों के क्रोनिकल डिजिज के सर्टिफिकेट बनाने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति साफ हो गई। मुख्यालय से नए आदेश आने के बाद अब यहां पर 18 दिसंबर तक सर्टिफिकेट बनाए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आनलाइन तबादला प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया में जो शिक्षक गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं उन्हें मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाकर पोर्टल पर अपलोड करने हैं। पहले विभाग ने आठ से 10 दिसंबर के बीच ही सर्टिफिकेट बनवाने के आदेश दिए थे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

**सोनीपत।** लखनऊ में भारत स्काउट्स गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 18 राज्यों से 35 हजार गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय आयोजन में दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, सऊदी अरब और दक्षिण अफ्रीका के स्काउट्स गाइड्स ने भी भाग लेकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाई। सोनीपत जिले से 24 गाइड्स और 8 स्काउट्स ने हिस्सा लिया, जिनमें ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत की 8 गाइड्स ने कप्तान सरस्वती कौशिक के मार्गदर्शन में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। जम्बूरी में प्रतिभागियों ने एडवेंचर, इंटीग्रेशन, ग्लोबल विलेज और स्किल ओ रामा जैसी विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### ठंड से बचाव के लिए 180 छात्रों को गर्म वस्त्र बांटे

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा आज सरकारी हाई स्कूल राई में अध्ययनरत बच्चों को जर्सी वितरित की गई। स्कूल में माइग्रेंट लेबर के बच्चों की संख्या अधिक है और कुल लगभग 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संस्था द्वारा इससे पहले भी बच्चों के लिए विभिन्न जागरूकता और व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें खुद को पहचानने, अपनी भावनाओं और एहसासों को समझने जैसे कार्यक्रम शामिल रहे हैं। ठंड बढ़ने के चलते संस्था के सदस्यों ने सहयोग से जर्सियों की व्यवस्था की स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद किया।

### गीता विद्या मंदिर के वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

# 100 मीटर रेस में इरा दौड़ी सबसे तेज, सारिका द्वितीय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना**

शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर विद्यालय के वार्षिक खेलोत्सव में शुक्रवार को पांचवें दिन विद्यार्थियों ने दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और रिले दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा की शानदार झलक दिखाई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र अनुज चुघ, उनकी पत्नी मीनाक्षी और एक अन्य पूर्व छात्र मोहन पांचाल थे। प्राचार्य अश्विनी कुमार और शिशुवाटिका प्रमुख सुनीता वर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। खेलोत्सव में छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में इरा प्रथम, सारिका द्वितीय, वंशिका व अपूर्वा संयुक्त रूप से तृतीय रहे। छात्रों में अंकित, सक्षम और ध्रुव क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।



**गोहाना।** प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए अतिथिगण एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

छात्रों की 200 मीटर दौड़ में हिमांशु, प्रतीक और नितिन, छात्राओं में कनिका, सानवी, सारिका व दीक्षा, छात्रों की 400 मीटर दौड़ में हिमांशु, प्रिंस, मोक्ष व देव वीर, छात्राओं में त्रिशू, एकता, चेतना व श्रीजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। छात्रों की लंबी कूद में प्रियांशु, सक्षम और अंकित, छात्राओं में एकता, कुंज और अनवी, बोरी दौड़ में देवांश, निशांत, रेहान व वंश, नींबू चम्मच दौड़ में भाविका भव्य व अनन्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रमुख दीपक कपूर ने किया। संगीता वर्मा और मंजू जांगड़ा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर शिक्षक उमेश, जनता चहल, रेखा और नवीन उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों के साथ विद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### विजेताओं को किया सम्मानित

*शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। 100 मीटर रेस में आयान और पावनी ने प्रथम स्थान व 200 मीटर रेस में वंश और दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट व फुटबॉल में देवश्वर हाउस विजेता रहा। देवश्वर हाउस ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीती और अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। संस्था के पदाधिकारियों और प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और सभी अध्यापकों और छात्रों का हौसला बढ़ाया। विजेता छात्रों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।*



**खरखौदा।** शिविर के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि डॉ अनिल दहिया व अन्य

## राजकीय कन्या स्कूल में एनएसएस शिविर प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा**

राजकीय कन्या वमाविं में शुक्रवार को एनएसएस कैंप की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल दहिया ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी को समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और टीमवर्क की भावना को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पित होना सिखाती है। जो एक बेहद ही महत्वपूर्ण कार्य है। हमें अपने परिवार, समाज के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी हमेशा योगदान के लिए अग्रणी भूमिका में रहना चाहिए। एनएसएस शुरू से ही बच्चों को श्रमदान करना, साफ-सफाई का संदेश देना, एक दूसरे की मदद करना, भाईचारे से रहना सभी चीज सिखाती है। छात्रों को कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एनएसएस छात्रों द्वारा अभियान चलाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहे हैं और गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कैंप की शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्राचार्य नीलम रानी, एनएसएस कैंप की मुख्य आयोजक प्रोमिला व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### कांग्रेस ने संविधान की रचना में अग्रणी भूमिका निभाई

## टैलेंट हंट : कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ने का अवसर:चांदवीर हुड्डा



**सोनीपत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर के युवाओं को संगठनात्मक प्रक्रियाओं से जोड़ने, उनकी राजनीतिक समझ को सुदृढ़ करने और उन्हें नेतृत्व के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर 'टैलेंट हंट कार्यक्रम' की घोषणा की है। इस संदर्भ में नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम के संयोजक चांदवीर हुड्डा ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की, प्रेसवार्ता में शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, सुरेंद्र दहिया, प्रेम नारायण गुप्ता, राकेश सोढ़ा, निर्मला राठी, सुषमा आदि मौजूद रहे। चांदवीर हुड्डा ने कहा कि यह टैलेंट हंट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त मंच है, जहाँ देश के हर कोने से आए युवा अपने विचार, योग्यता और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक गरिमा और कांग्रेस की मूल विचारधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। हुड्डा ने कहा की कांग्रेस वह राजनीतिक शक्ति है जिसने भारत के संविधान की रचना में अग्रणी भूमिका निभाई, लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया और समावेशी भारत का सपना देखा। आज जब देश कई नई चुनौतियों से गुजर रहा है, तब युवा पीढ़ी को आगे आकर गांधी, नेहरू, पटेल, अम्बेडकर और इंदिरा गांधी की विरासत को आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।चयनित युवाओं को युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल सहित पार्टी के विभिन्न मोर्चों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी।

## शिविर में 51 ने किया रक्तदान

### रक्तदान सबसे बड़ा दानः जैन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**

रेडक्रॉस सोनीपत के पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं झरोठी निवासी धर्मवीर दहिया ने अपने दिवंगत पुत्र मनोज कुमार की दसवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सोनीपत ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में 51 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सोनीपत के मेयर राजीव जैन और भाजपा नेता जसपाल खेवड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है। रक्तदान से जीवन रक्षा होती है। इसलिए रक्तदान को जीवनदान भी कहा जाता है। इस पुनीत यज्ञ में हर किसी को आहुति अवश्य डालनी चाहिए। रक्तदान से शरीर को स्वस्थ रखने में भी मदद मिलती है। इस दिशा में युवाओं को जागृत करने के प्रयास भी करने चाहिए। रक्तदान रूपी



**सोनीपत।** रक्तदान शिविर के दौरान मनोज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मेयर एवं अन्य अतिथिगण।

महादान में नियमित आहुति डालनी आवश्यक है ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। दुर्घटनाओं में घायलों के प्राणों की रक्षा तथा विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के प्राण बचाने के लिए रक्तदान जरूरी है। इस अवसर पर पंडित कृष्ण खेवड़ा ने 51वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया, जबकि मास्टर ललित बाल्यान ने 50वीं बार रक्तदान किया। महावीर पहल ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में कोई कमी नहीं आती, बल्कि यह किसी अन्य की जिंदगी बचाने का माध्यम बनता है। लायन क्लब से प्रधान रोजी लूथरा, नीरू मालिक, एकता रेलन, देवेंद्र जैन और प्रोजेक्ट चेयरमैन सुभाष भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सकारात्मक सोच अपनाकर सही दिशा चुनने की प्रेरणा दी



सोनीपत। राजकीय आईटीआई सोनीपत और राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में नशा व एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल सोनीपत की ओर से ओएसटी काउंसलर जितेन्द्र , सीटीसी काउंसलर जयविन्द्र, निशा सहरावत और सतोष राठी ने छात्रों को एचआईवी/एड्स, उसके संक्रमण के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। सूई का साझा प्रयोग एचआईवी/एड्स का एक प्रमुख कारण है। नशे की लत आर्थिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बनाती है। उन्होंने छात्रों को अच्छी संगत और सकारात्मक सोच अपनाकर जीवन में सही दिशा चुनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई की ओर से उपप्रधानाचार्य हरेन्द्र जावा, एनसी अधिकारी मेजर संजय श्योराण, वर्ग अनुदेशक सुरेश, मंजीत दहिया और जगबीर राणा उपस्थित रहे।

### स्टार्टअप की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया

**सोनीपत।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एमएसएमई-विकास कार्यालय, करनाल की ओर से शुक्रवार को जीवीएम गर्ल्स कालेज में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए प्रतिभागियों को नवाचार व स्टार्टअप की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में छात्राओं, उद्यमियों एवं स्थानीय कारीगरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक ईईएसएल ऊर्जा मंत्रालय संजीव रंजन ने ऊर्जा दक्षता, तकनीकी उन्नति और एमएसएमई सेक्टर में नवाचार के अवसरों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने माई गेट पए की उदाहरणात्मक सफलता को बताते हुए कहा कि आज का समय आत्म-स्टार्टअप का है, युवाओं को अपने नवाचारों को उद्यम में बदलने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने ट्रेडमार्क के महत्व को सरल उदाहरण से समझाते हुए कहा कि जैसे एम मैकडोनल्ड की पहचान है, उसी प्रकार प्रत्येक उद्यम का अपना ट्रेडमार्क उसकी विश्वसनीयता बढ़ाता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक मीतू सरोवा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।



### नाती ने किया बुजुर्ग नाना-नानी का जीते जी काज



**खरखौदा।** उपमंडल के गांव खांडा में संदीप मान ने अपने 92 वर्षीय नाना गोपीराम व 85 वर्षीय नानी प्रेम देवी का जीते जी काज किया है। मालूम हो कि गोपी राम की केवल एक लड़की सुनीता है। जिसने अपने पुत्र संदीप को बुजुर्ग माता पिता की सेवा के लिए पैतृक गांव खांडा में छोड़ रखा है। अब दोनों बुजुर्गो ने उम्र को देखते हुए जीते जी काज करने की इच्छा प्रकट की, तो उनकी इच्छा को शिरोधार्य करके संदीप ने काज करने का फैसला लिया। जिसमें 4 गांव के प्रत्येक परिवार को सपरिवार सहित आमंत्रित करके भोज कराया गया। इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया भी अपने पति राजबीर दहिया के साथ पहुंची और उन्होंने दोनों बुजुर्गो से आशीर्वाद प्राप्त किया। मोनिका दहिया ने कहा कि बड़े भाग्यशाली होते है वह लोग जिन्हें अपने बुजुर्ग की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्हीं के आशीर्वाद से जीवन में अच्छे कर्म करने मौका मिलता है। बुजुर्गो की इच्छा के अनुरूप कार्य करना उन्हें सुख की अनुभूति देता है। इसलिए प्रत्येक परिवार को अपने बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उनसे आशीर्वाद लेना ही परिवार के सुख का कारण बनता है।

## औषधीय खेती अपनाने का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**

- अश्वगंधा जागरूकता अभियान का मुरथल में भव्य समापन

अभिलक्ष्य एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से चलाए गए अश्वगंधा – एक स्वास्थ्य संवर्धक जागरूकता अभियान का समापन एमएचयू क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में हुआ। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसानों और छात्रों ने भाग लिया। उद्देश्य किसानों को औषधीय फसलों की ओर प्रेरित करना रहा। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. महेश दाधीच और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने अश्वगंधा की खेती पर आधारित पुस्तिका और ब्रोशर का विमोचन किया। किसानों को मुफ्त अश्वगंधा पौधे और आईईसी बैग किट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान पद्म श्री कंवल सिंह चौहान और पद्मश्री उमा शंकर पांडे सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। साध्वी डॉ. प्राची दीदी, पुनीत सूद, डॉ. सुधा शर्मा और जेके श्योराण ने



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं साध्वी प्राची दीदी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

किसानों को जागरूक किया और औषधीय खेती के महत्व पर चर्चा की। वैज्ञानिक सत्र में डॉ. अजय यादव, डॉ. राजेश आर्य, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रदीप अंबेडकर और मोहित शर्मा ने किसानों को अश्वगंधा की उत्पादन तकनीक, जलवायु अनुकूलता और बाजार संभावनाओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि अश्वगंधा कम पानी में तैयार होने वाली लाभकारी फसल है और हरियाणा की जलवायु इसके लिए उपयुक्त है। कार्यक्रम का सफल संचालन सोसाइटी की अध्यक्षा पालकी वर्मा और सचिव अंकित पिलानिया के नेतृत्व में हुआ।

## 1300 साधकों ने उत्सव में लिया हिस्सा

- रजनीश ध्यान मंदिर में मनाया ओशो जन्मोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**

श्री रजनीश ध्यान मंदिर, सोनीपत में ओशो के जन्मदिवस के अवसर पर स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती के मार्गदर्शन और मां अमृत प्रिया के भक्ति-संगीत के साथ उत्सव का आयोजन किया गया। लगभग 1300 साधकों ने पूरे देश से पहुंचकर इस उत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती ने साधकों को भीतर लौटने, ध्यान अपनाने और जीवन को उत्सव की तरह जीने का संदेश दिया। स्वामी सरस्वती ने कहा कि "ध्यान कोई विश्वास नहीं—यह एक विज्ञान है। जब भीतर शांति उतरती है, तभी जीवन उत्सव बनता है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

ओशो व्यक्ति नहीं, एक चेतना हैं और उस चेतना को अपने भीतर जगाना ही असली जन्मदिवस है।"

इस दौरान शैलेंद्र सरस्वती ने बताया कि ओशो अतीत के बुद्धपुरुषों से भिन्न हैं। क्योंकि उन्होंने आधुनिक भाषा और मनोविज्ञान, ध्यान को विज्ञान की तरह प्रस्तुत करना, धर्म-रहित आध्यात्मिकता, व्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर, टैबू विषयों पर निर्भीकता, ध्यान + उत्सव का अनोखा संयोग, जीवन-स्वीकृति, अंधविश्वासों की आलोचना की। कार्यक्रम में अमृत प्रिया ने अपनी मधुर, आत्मीय और भक्ति से भरी आवाज़ में ओशो को समर्पित गीत प्रस्तुत किए।

### यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे पर कार्यक्रम

## टेली-मेडिसिन सेवाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया




**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता और विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के विषय पर विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की गई। कार्यक्रम दो स्थानों पर आयोजित किया गया। सिविल हॉस्पिटल में पैनल अधिवक्ता विकास सैनी तो अर्बन हेल्थ सेंटर कालूपुर में पैनल अधिवक्ता अश्वनी कुमार ने ने लाभार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के पात्रता मानदंड, गोल्डन कार्ड के लाभ, कैशलेस उपचार सुविधा, 5 लाख रुपये तक वार्षिक स्वास्थ्य कवर तथा सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों की निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग तथा टेली-मेडिसिन सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। दोनों स्थानों पर जन-सुनवाई एवं सहायता हेतु हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए, जहां उपस्थित नागरिकों की शिकायतें, समस्याएं एवं योजनाओं से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया गया।

### कार्यक्रम | एसडीएम ने डीबीएम विशेष स्कूल का किया औचक निरीक्षण

## दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती : श्रोत्रिय

दिव्यांगों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकि से किया अध्ययन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶. गोहाना**

शुक्रवार को एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय ने गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम विशेष विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से अध्ययन किया। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक स्तर किसी भी तरह से सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। अगर उनको जरूरत है तो केवल सही मार्गदर्शन की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ विशेष सहगामी क्रियाएं भी नियमित रूप से कराई जानी चाहिएं। दिव्यांग बच्चों की दैनिक दिनचर्या में भी मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक अभ्यास वाली गतिविधियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। ये सभी क्रियाएं करवाते समय प्रशिक्षित अध्यापकों बच्चों के साथ मौजूद रहें। इन बच्चों को बैठने के लिए विशेष बेंच, व्हील चेयर एवं अन्य सुविधाओं की नियमित जांच जरूरी है। एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी स्कूल के बच्चों वाला वातावरण उपलब्ध करवाने का प्रयास करें।



जीओएच 8 में-दिव्यांग विशेष विद्यालय का निरीक्षण करते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

### जनहित कार्यों को प्राथमिकता हमारी जिम्मेदारी



**गोहाना।** गली निर्माण का शुभारंभ करते हुए चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

**गोहाना।** नगर परिषद द्वारा वार्ड 18 के लक्ष्मी नगर में तीन गलियों को इंटरलॉक टाइलों से पक्का किया जाएगा। शुक्रवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोड़कर बतौर मुख्य अतिथि गलियों के निर्माणकार्य का शुभारंभ किया। तीनों गलियों को पक्का करने के काम पर नगर परिषद द्वारा 17 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि जनहित कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी जिम्मेवारी है। गोहाना में विकासकार्यों की पारदर्शिता व गुणवत्ता पर पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गोहाना की सभी गलियों को चरणबद्ध तरीके से पक्का किया जाएगा और साथ में पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राम सिंह सैनी व जेई संदीप सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**सोनीपत।** वैवाहिक वेबसाइट पर रिश्ते की तलाश कर रही गुरुग्राम की तलाकशुदा महिला के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी झज्जर का रहने वाला अजय है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तलाक के बाद उसने दो बेटियों के साथ नया जीवन शुरू करने के लिए एक वैवाहिक वेबसाइट पर प्रोफाइल बनाई थी। इसी प्लेटफॉर्म पर उनकी पहचान अजय दलाल से हुई। अजय ने खुद को तलाकशुदा बताया और दावा किया कि वह भी दो बेटियों का पिता है। अजय ने शादी का भरोसा दिलाया।
महिला का आरोप है कि 16 अक्तूबर को अजय ने मिलने के बहाने उन्हें कुंडली क्षेत्र में बुलाया और ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर यौन शोषण किया।

### बलराम का शव परिजनों को सौंपा, जांच तेज

**सोनीपत।** कुंडली टीडीआई सिटी रोड स्थित रेस्टोरेंट के कमरे में यूपी के इटावा के बीबापुर मऊ निवासी बलराम की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शुक्रवार को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज खानपुर में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।
बलराम के भाई कुलदीप ने दर्ज कराई प्राथमिकी में लिखा है कि उनके भाई बलराम काम की तलाश में टीडीआई रोड स्थित कैरी जंक्शन रेस्टोरेंट पर आए थे। वहीं से उन्होंने कुलदीप को वीडियो कॉल की और बताया कि रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने उसे साथ लगे कमरे में रात बिताने के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### एटलस रोड पर कपड़ों के बड़े शोरूम में दोपहर को अचानक उठी लपटें

# जुडियो शोरूम में आग लगी, 65 लोगों की जान बाल-बाल बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एटलस रोड स्थित जुडियो क्लाथ शोरूम में शुक्रवार दोपहर अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में हड़कंप मचा दिया। तीन मंजिला इस व्यस्त शोरूम में उस समय खरीदारी के लिए 50 से अधिक ग्राहक मौजूद थे, जबकि लगभग 15 कर्मचारी विभिन्न मंजिलों पर अपनी ड्यूटी में लगे हुए थे। खरीदारी का समय होने के कारण शोरूम में भीड़ अधिक थी, और किसी को भी अंदाजा नहीं था कि कुछ ही सेकंड में स्थिति इतनी गंभीर हो सकती है। करीब पौने दो बजे के आसपास ग्राउंड फ्लोर पर एक कोने से अजीब सी गंध आने लगी। चश्मदीदों के अनुसार जैसे ही कर्मचारियों ने उस दिशा में देखा, वहां एक बत्ती के पास से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही पलों में धुएं का गुबार बढ़ने लगा और कपड़ों की मौजूदगी के कारण पूरे शोरूम के भीतर तेजी से फैल गया। धुएं की गति देखते ही कर्मचारियों ने बिना समय गँवाए इमरजेंसी अलार्म बजा दिया, ताकि सभी ग्राहकों को तुरंत सतर्क किया जा सके।

अलार्म बजते ही शोरूम में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों और निकास द्वारों की ओर दौड़ने लगे। हालांकि कर्मचारियों ने इस दौरान पूरी सतर्कता के साथ लोगों को सुरक्षित दिशा में मार्गदर्शन किया। किसी भी प्रकार के हादसे से बचाने के लिए कर्मचारियों ने निकास द्वारों को तुरंत खोल दिया और लोगों को एक-एक कर बाहर निकालना शुरू किया। इस बीच शोरूम में मौजूद कुछ कर्मचारियों ने पास रखे अग्निशमन उपकरणों के जरिए धुएं के स्रोत पर नियंत्रण करने का प्रयास भी किया, ताकि आग ज्यादा न फैले।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक कर्मचारियों की मेहनत से आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका था। बावजूद इसके पूरा शोरूम घने काले धुएं से भर चुका था, जिसके कारण दमकल कर्मियों ने पहले सभी मंजिलों को खाली करवाया और उठ रही चिंगारियों को पूरी तरह शांत किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया और प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट को आग का संभावित कारण बताया।




सोनीपत। कपड़ों के शोरूम से निकलता धुआं। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। जिन कपड़ों में आग लगी थी, उन्हें बुझाते हुए दमकल कर्मी।



सोनीपत। शोरूम के बाहर इकट्ठा हुई लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### कपड़ों को काफी स्टॉक था

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शोरूम में कपड़ों का बहुत बड़ा स्टॉक था और तीनों मंजिलों पर ज्वलनशील सामग्री फैली हुई थी। ग्राउंड फ्लोर पर पुरुषों के कपड़े, पहली मंजिल पर बच्चों के वस्त्र और दूसरी मंजिल पर महिलाओं के कपड़े रखे हुए थे। ऐसे में यदि आग कुछ और मिनटों तक अनियंत्रित रहती तो पूरा शोरूम इसकी चपेट में आ सकता था और बड़ा नुकसान हो सकता था। अधिकारियों के अनुसार कर्मचारियों की समय रहते की गई कार्रवाई ने बड़ी त्रासदी होने से रोका।

#### कर्मचारियों ने लोगों को बाहर निकाला

घटना के समय मौजूद कई ग्राहकों ने बताया कि शुरुआत में धुआं देखकर उन्हें समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है। ग्राउंड फ्लोर पर एक कोने में लपटें दिखने के बाद स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी। कुछ ही मिनटों में धुआं ऊपर की मंजिलों तक पहुँच गया था। लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो अफरा-तफरी फैल गई। इसी दौरान कर्मचारियों की सूझबूझ और शांति से दिए गए निर्देशों ने लोगों के मन में विश्वास पैदा किया। निकास मार्गों को व्यवस्थित रखा गया और ग्राहकों को समूहों में बाहर निकाला गया। इस वजह से भगदड़ जैसी स्थिति बनने से बचा।

### दमकल विभाग की टीम ने शोरूम का कोना-कोना जांचा

दमकल विभाग ने आग बुझाने के बाद शोरूम के सभी कोनों की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि कहीं कोई छुपी हुई चिंगारी न रह जाए। धुआं कम होने के बाद पता चला कि आग पर समय रहते काबू कर लिया जाने के कारण किसी व्यक्ति को चोट भी नहीं पहुंची है और न ही किसी बड़े नुकसान की सूचना है। हालांकि कपड़ों के कुछ हिस्सों पर धुएं का असर जरूर पड़ा है।

### नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे

## एसडीएम ने रैन बसेरों में लिया सुविधाओं का जायजा



गोहाना। रैन बसरों में सुविधाओं का जायजा लेने पहुंची एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने शुक्रवार को नगर परिषद गोहाना द्वारा संचालित रैन बसेरों में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में आने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गोहाना शहरी क्षेत्र में नगर परिषद गोहाना द्वारा सेक्टर-7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम और शहीद मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में रैन बसेरों की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रत्येक रैन बसेरे में 5 पुरूष और 5 महिलाओं की अलग अलग रहने की व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने कहा कि सर्दी के मौसम में इन रैन बसेरों में आने वाले व्यक्तियों को गर्म बिस्तर, कंबल, पेयजल, शौचालय और नहाने के लिए गरम पानी की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण भी नियमित रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद ईओ निशा शर्मा भी मौजूद रही।

## नपा ने शहर में फिर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



गन्नौर। दुकानदारों के जब्त किए गए सामान को नपा में जमा करते नपाकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका ने शुक्रवार को यातायात पुलिस के साथ मिल कर शहर में दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया। नपा सचिव प्रदीप खर्ब व यातायात चौकी प्रभारी सोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए गए संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग व अन्य सामान को नपा कर्मी उठा कर नगरपालिका ले आए। नपा सचिव खर्ब ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेंगे।

यातायात चौकी प्रभारी सोहन सिंह ने रेलवे रोड स्थित मुख्य बाजार में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब से इस पर कड़ी कार्रवाई होगी। वाहन चालक पार्किंग के लिए निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें।

### बाबा बिशनदास धाम में भागवत कथा

## गोवर्धन महिमा व पूजन के प्रसंगों का करवाया रसपान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कथा सुनाते व्यास स्वामी सत्यदेव महाराज।

बाबा बिशनदास धाम, मुरथल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन कथा व्यास स्वामी सत्यदेव महाराज ने भक्तों को गोवर्धन महिमा एवं गोवर्धन पूजन के प्रसंगों का रसपान कराया। महाराज ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र के अहंकार का विनाश करने हेतु ब्रजवासियों को इन्द्र-यज्ञ रोककर प्रकृति के प्रतीक गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा, तब ब्रज की भूमि पर भक्ति और समर्पण का अद्भुत वातावरण बन गया। इन्द्र के क्रोधित होने पर जब भयानक वर्षा और आंधियां चलने लगीं, तब श्रीकृष्ण ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर विशाल गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह लीला दर्शाती है कि जो भक्त ईश्वर का स्मरण और सत्य मार्ग का अनुसरण करता है, उसकी रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। स्वामी सत्यदेव ने कहा कि गोवर्धन पर्वत केवल एक प्राकृतिक उपहार ही नहीं बल्कि भक्ति, विनय, प्रकृति के संरक्षण और भगवान पर पूर्ण निर्भरता का प्रतीक है। आज के मुख्य यजमान पूर्णमल गोयल एवं परिवार रहा। इस दौरान राजेश गोयल, परवीन गोयल, कृष्ण गोयल, सुशील गोयल, रजनी, कांता, मीना, रामबिलास गोयल, कमलेश, सुमन गुप्ता, पवन गोयल, दीपक, अनिल कुमार, राजिंदर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# खरखौदा में मुख्यमंत्री की रैली 28 को तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक

- बैठक में 350 का कार्यकर्ताओं को नियुक्त पत्र सौंपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान दिनेश अत्री को नियुक्ति पत्र देते हुए जिला प्रभारी साथ में विधायक पवन खरखौदा, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक एवं अन्य।

सेक्टर-8 स्थित भाजपा सावन कमल कार्यालय में जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सतीश नांदल मौजूद रहे। बैठक में हाल ही में हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि अनुशासन और कार्यकर्ता शक्ति ही भाजपा की असली ताकत है।
बैठक में सोनीपत के मेयर राजीव जैन और खरखोदा विधानसभा से विधायक पवन खरखौदा ने बताया कि 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खरखोदा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक साबित होगी और मुख्यमंत्री द्वारा कई विकास परियोजनाओं की घोषणाएं होने की संभावना है। लोकसभा प्रभारी सतीश नांदल ने जिला संगठन को मजबूत करते हुए पार्टी के 56 प्रकोष्ठों और मोर्चों के पदाधिकारियों, संयोजकों और प्रभारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही लगभग 350 कार्यकर्ताओं को सम्मान-पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया। नांदल ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत तैयार विशेष यात्रा रथ शीघ्र ही जिलों में पहुंचेगा।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में सुमित्रा चौहान, मोनिका दहिया, तरुण देवीदास (जिला महामंत्री), दिनेश अत्री (जिला मीडिया प्रभारी), आजाद नेहरा, सुरेंद्र मदान, नवीन मंगला, योगेश पाल अरोड़ा, हरिओम शर्मा, सुनीता लोहचब, पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्यों व पूर्व पार्षदों सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांव में लगे शिविर में 176 की जांच

## विधायक ने पांची जाटान में किया बजाड़ चौपाल का उद्घाटन



गन्नौर। सहायक उपकरण वितरण के बाद वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के साथ विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने शुक्रवार को पांची जाटान गांव में नवनिर्मित बजाड़ चौपाल का उद्घाटन किया। ब्लाक समिति के तहत करीब 20 लाख रुपये की लागत से इस चौपाल का नवीनीकरण किया गया है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। विधायक कादियान ने कहा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सभी कार्य बिना किसी भेदभाव के किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के लिए चौपाल अब एक आदर्श स्थल बनेगा, जहां वे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां कर सकेंगे। इसके बाद, विधायक कादियान ने गांव में आयोजित एलिम्को आसरा संस्था के सहायक उपकरण वितरण शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर में विधायक ने करीब 176 जरूरतमंद वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कान की मशीन, घुटने और कमर की बेल्ट जैसी सहायक सामग्री वितरित की। कादियान ने कहा, यह सहायक उपकरण दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए बहुत फायदेमंद होंगे।

### प्रताप स्कूल की तमन्ना ने वेटलिफ्टिंग में जीते दो स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** मोदीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल की खिलाड़ी तमन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 69 किलोग्राम जूनियर व सीनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

#### खिलाड़ी को सराहा

स्कूल पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्य दया दहिया तथा एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने तमन्ना का स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि तमन्ना ने इससे पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। राष्ट्रीय स्तर पर वह अब तक कुल 4 पदक जीत चुकी हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने भी तमन्ना को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण बताकर नगर निगम ने दिवान फार्म की दीवार गिराई

### कमल दिवान बोले, कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई, अदालत के आदेशों की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। निगम द्वारा तोड़ी गई दीवार।



सोनीपत। प्रेस कॉफ्रेंस करते दिवान व अन्य कांग्रेस नेता।

बहालगढ़ रोड स्थित दिवान फार्म में शुक्रवार दोपहर नगर निगम प्रशासन ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण बताते हुए दीवार के कुछ हिस्सों को ढहा दिया। निगम की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस बल की मौजूदगी में दीवार तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही फार्म के मालिक और कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष कमल दिवान सहित कई कांग्रेसी नेता तुरंत स्थल पर पहुंचे। निगम अधिकारियों और कांग्रेसी नेताओं के बीच लगभग आधे घंटे तक तीखी नोकझोंक भी हुई।

मौके पर पत्रकारवार्ता करते हुए कमल दिवान ने कहा कि नगर निगम ने यह कार्रवाई पूरी तरह अनुचित तरीके से और अदालत के आदेशों की अवहेलना करते हुए की है। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे और उन आदेशों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है। फिर भी निगम ने दीवार के हिस्से को ढहा दिया, जो स्पष्ट रूप से अदालत आदेशों का उल्लंघन है। कमल दिवान ने आरोप लगाया कि नगर निगम राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है और बिना नए नोटिस के अचानक दीवार गिराना उनकी नजर में पूर्णतः गलत है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई को वे अदालत में चुनौती देंगे।

इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित नगर निगम के कार्यकारी अभियंता अजय निराला ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और कहा कि पुराने नोटिस के साथ एक नया नोटिस जारी कर जवाब लेने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।

#### ये बोले अधिकारी

निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर आनंद किशोर ने जानकारी दी कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार दिवान फार्म की दीवार सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से बनाई गई है। इस संबंध में पहले भी नोटिस जारी किया गया था, जिसके आधार पर ही यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पूरी कार्रवाई निगम आयुक्त हर्षित कुमार और संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ के निर्देशों पर की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी तरह की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। विवाद के बीच दोनों पक्षों के समर्थकों की भीड़ भी जमा हो गई, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा।

## भाषण प्रतियोगिता में दसवीं की छात्रा हिमांशी अव्वल




गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर अलंकृत करते हुए शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- बिचपड़ी गांव स्थित लक्ष्मी मॉर्डन स्पोट्र्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित

बिचपड़ी गांव स्थित लक्ष्मी मॉर्डन स्पोट्र्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक विषयों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से कई सामाजिक मुद्दों पर प्रमुखता से अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता प्राचार्य मनजीत सिंह लाठर ने की। संयोजन उप प्राचार्या पूनम लाठर का रहा।

#### जागरूक किया

भाषण प्रतियोगिता चौ. प्रीत सिंह लाठर शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लैंगिक असमानता, जातिगत भेदभाव और मानसिक स्वास्थ्य सहित कई अन्य सामाजिक मुद्दों पर अपनी प्रस्तुति दी।

#### खुशी तृतीय रही

प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा हिमांशी प्रथम और वंशु प्रथम रहे। प्रतियोगिता में कक्षाा 9वीं की छात्रा खुशी तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य मनजीत सिंह लाठर ने विजेता एवं उप विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा को सराहा।